B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS

A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**ANNUAL EXAMINATION (2025-26)**

**HINDI (085) / SET-A**

Class: VI — Duration: 3.00 Hrs.

Date : 23-03-2026 — Max. Marks: 80

Admission No.: — Roll.No.

सामान्यनिर्देशा- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 24 प्रश्न हैं।

2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।

3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें।

4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्नपत्रस्वरूप- | भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| | भाग 'ख' : व्याकरण | 16 अङ्क |
| | भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 30 अङ्क |
| | भाग 'घ' : लेखन- कौशल | 20 अङ्क |

---

## खंड क (अपठित बोध )

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

शरीर को स्वस्थ या निरोग रखने में व्यायाम का कितना महत्त्व है, इस पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। आज की भाग-दौड़ से भरी जिंदगी ने मनुष्य को इतना व्यस्त कर दिया है कि वह यह भी भूल गया हकि इस सारी भाग-दौड़ का वह तभी तक हिस्सेदार है जब तक कि उसका शरीर भी स्वस्थ है। जो व्यक्ति अपने शरीर की उपेक्षा करता है वह अपने लिए रोग, बुढ़ापे तथा मृत्यु का दरवाजा खोलता है। वैसे तो अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित भोजन, स्वच्छ जल तथा शुद्ध वायु संयम तथा नियमित जीवन सभी कुछ आवश्यक है किंतु इन सबमें व्यायाम करने वाले व्यक्ति में कुछ ऐसी अद्‌भुत शक्ति आ जाती है कि अपने सारेशरीर पर उसका अधिकार हो जाता है।

(1) आज की भाग-दौड़ भरी ज़िंदगी ने मनुष्य को क्या भुला दिया है? (1)

(क) भोजन का महत्त्व (ख) धन का महत्त्व

(ग) शरीर के स्वास्थ्य का महत्त्व (घ) शिक्षा का महत्त्व

(2) लेखक के अनुसार जो व्यक्ति अपने शरीर की उपेक्षा करता है, वह किसका दरवाज़ा खोलता है? (1)

(क) सफलता का (ख) सुख का

(ग) रोग, बुढ़ापे और मृत्यु का (घ) यश का

(3) अच्छे स्वास्थ्य के लिए निम्न में से कौन-सा आवश्यक बताया गया है? (1)

(क) केवल व्यायाम (ख) केवल संतुलित भोजन

(ग) व्यायाम, संतुलित भोजन और नियमित जीवन (घ) केवल विश्राम

(4) लेखक ने व्यायाम को शरीर के लिए क्यों आवश्यक बताया है? (2)

(5) मनुष्य को सेहत के लिए भोजन के साथ साथ और क्या ज़रूरी है ? (2)

प्रश्न.2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो केउत्तर दीजिए :-

बंदर और खरगोश एक जंगल में रहते थे। वे बहुत अच्छे दोस्त थे और साथ-साथ खेलते रहते थे। एक दिन उन दोनों ने नदी के पास जाकर खेलने की योजना बनाई। उन्होंने पास की एक नदी के पास मज़े करने की सोची। वे दोनों नदी के किनारे पहुँचे और मज़े करने लगे। खेलते खेलते बंदर एक पेड़ पर चढ़ गया और खरगोश नदी के किनारे बैठा गया। बंदर ने खरगोश को ऊपर से देखा और बोला, "तुम क्यों नहीं नहा रहे हो ? नदी में तैरना तो बहुत मज़ेदार होता है।" खरगोश ने मुँह बनाते हुए कहा, "मैं तैरना नहीं जानता। मुझे पानी में जाना पसंद नहीं है।" इसके बाद, बंदर ने खरगोश को नदी में तैरने के लिए प्रोत्साहित किया। खरगोश ने घबराकर कहा, "क्या तम्हे लगता है मुझे पानी में जाना चाहिए।? मुझे डर लग रहा है।" बंदर ने खरगोश को शान्त करने की कोशिश की और कहा, "जब तुम कोई नया काम सीखने के लिए तैयार हो, थोड़ा सोचो और आगे बढ़ो। घबराओ मत।" खरगोश ने सोचा और फिर बंदर की बात मान ली। खरगोश ने नदी में तैरना सीख लिया और वह बंदर के साथ बहुत मज़े करने लगा। वे दोनों बहुत खुश थे क्योंकि खरगोश नया कौशल को सीखने के लिए तैयार था और उन्होंने एक-दूसरे का साथ दिया।

(1). बंदर और खरगोश कहाँ रहते थे? (1)

(क) गाँव में (ख) शहर में

(ग ) जंगल में (घ) पहाड़ पर

2. दोनों दोस्तों ने कहाँ खेलने की योजना बनाई? (1)

(क) खेत में (ख) नदी के पास

(ग) घर के पास (घ) पहाड़

3. बंदर कहाँ चढ़ गया था? (1)

(क) चट्टान पर (ख) नदी में

(ग) घर की छत पर (घ) पेड़ पर

4: खरगोश नदी में तैरना क्यों नहीं चाहता था? (2)

5,: बंदर ने खरगोश को क्या सीख दी? (2)

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.3 समास पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई एक) (1)

(क) सुख ---दुःख समस्त पद बनाए |

(ख) तीनो कोण का समूह का समस्त पद बनाइए|

प्रश्न.4 निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए (कोई दो ) (2)

(क) दया +आनंद

(ख) मुनि +ईश्वर

(ग) नारी +ईश्वर

प्रश्न 5 सही स्थान पर अनुस्वार लगाइए (कोई एक) (1)

(क) अकुर

(ख) मद

प्रश्न.6 दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए :- (कोई एक) (1)

(क) शेर (ख) सिंह

प्रश्न.7 उपसर्ग पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- :- (कोई एक) (1)

(क) ' कु ' उपसर्ग का प्रयोग करके शब्द बनाओ -

(ख) ' सु ' उपसर्ग का प्रयोग करके शब्द बनाओ -

प्रश्न 8 प्रत्यय पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- :- (कोई एक) (1)

(क) ' वाला ' प्रत्यय का प्रयोग करके शब्द बनाओ - (1)

(ख) ' ई ' प्रत्यय से से एक शब्द बनाइए | :-

प्रश्न 9 विराम चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई एक) (1)

(क) नागपुर में संतरे प्रसिद्ध है सही विराम चिन्ह का प्रयोग कीजिए

(ख) माँ,आज खाने में क्या बनाया है सही विराम चिन्ह का प्रयोग

प्रश्न.10 दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:- (कोई दो ) (2)

(क) सुनने वाला (ख) जो कभी मरे नही

(ग) जिसका अंत न हो

प्रश्न 11 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (कोई दो ) (2)

(क) आग मै घी डालना (ख) आग बबूला होना (ग) ईंट का जवाब पत्थर से देना

प्रश्न 12 निम्नलिखित शब्दों के तीन -तीन पर्यायवाची लिखिए:- (2)

(क) सरस्वती (ख) प्रकाश (ग) ईश्वर (घ) जय

प्रश्न13 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:- (कोई एक ) (1)

(क) मित्र (ख) जवानी

प्रश्न 14 निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक चिन्ह भरकर वाक्य पूरा कीजिए :- (कोई एक ) (1)

(क) आज मुझे गाँव ----------बहुत याद आती है |

(ख) हम बच्चों ---------पाठशाला जाना अच्छा लगता है |

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

प्रश्न.15 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :-

वनो की रक्षा के लिए रेणी गाँव ,उत्तराखंड की महिलाओ ने गोरा देवी के नेतृत्व में वर्ष 1974 में जिस प्रकार चिपको आंदोलन की शुरुआत की ,वह भविष्य में भारत के वनो की रक्षा के लिए मील का पत्थर सिदध हुआ | चिपको वूमेन के नाम से प्रसिद्ध गोरा देवी का जन्म चमोली ज़िले के सीमांत गाँव लाता में 1925 में हुआ था | मात्र 12 वर्ष की आयु में गोरा देवी का विवाह पास के ही रैणी गाँव के मेहरबान सिंह के साथ सम्पन हुआ | मेहरबान सिंह एक किसान थे और इसके साथ -साथ भेड़ बकरी पालन का व्यापर करते थे | शादी के 10 वर्ष के बाद मेहरबान सिंह का देहांत हो गया | संघर्ष के दिनों वे महिला-मंगल- दल की अध्यक्ष बनी और सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने लगी | एक बार की बात है रैणी के पास के जंगल से पेड़ों को काटने का ठेका सरकार ने एक कंपनी को दे दिया | 26 मार्च 1974 का दिन था ग्रामीण पेड़ काटने काटे जाने का विरोध कर रहे थे |

1. चिपको आंदोलन की शुरुआत किस गाँव से हुई थी? (1)

(क) लाता ख) रैणी

(ग) चमोली (घ) जोशीमठ

2. चिपको आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था? (1)

(क) सुन्दर लाल बहुगुणा (ख) मेहरबान सिंह

(ग) गोरा देवी (घ) गौरा देवी की पुत्र

3. गोरा देवी का जन्म कब और कहाँ हुआ था? (1)

(क) 1930 में रैणी गाँव (ख) 1925 में लाता गाँव

(ग) 1920 में चमोली (घ) 1925 में रैणी गाँव

4. गोरा देवी के पति मेहरबान सिंह क्या कार्य करते थे? (1)

(क) शिक्षक (ख) वन अधिकारी

(ग) किसान और भेड़-बकरी पालन (घ) व्यापारी

5. रैणी गाँव के पास के जंगलों में पेड़ काटने का ठेका किसे दिया गया था? (1)

(क) ग्राम पंचायत को (ख) महिलाओं को

(ग) एक सरकारी विभाग को (घ) एक कंपनी

प्रश्न.16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) (4)

(क) समय से कदम मिलाना क्यों ज़रूरी है ?

(ख) कविता में भारत को बूढा क्यों कहा गया है ,लक्ष्मीभाई के प्रिय खेल क्या थे ?

(ग) कवि ने कैसे आदमी को जगाने लिए कहा है?

प्रश्न.17 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई दो) [6]

(क) लक्ष्मीबाई को सिंहनी क्यों कहा गया है

(ख) कवि ने किस किस सोए हुए आदमी को जगाने के लिए कहा है और क्यों ?

(ग) उत्तम प्रकृति वाले लोग चंदन के समान है | भाव स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न.18 दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- (5)

बात सभी ने है मानी | हवा सुबह की बड़ी सुहानी |
सदा ताजगी देती है यह |
आलस को हर लेती है यह रोगी न होने देती ||
तनिक न सेहत खोने देती
सुबह सैर पर जाकर देखो |
हवा निराली पाकर देखो
अगर सैर पर नित् जाओगे |
अच्छी सेहत तुम पाओगे ||

(i) इस कविता में किस का गुणगान किया गया है ?

(क) ताजगी भरी हवा (ख) योगाभ्यास
(ग) कसरत (घ) आराम से सोने में

(ii) सुबह की हवा के बारे में क्या बताया गया है ?

(क) हवा ताज़गी होती है (ख) सेहत नहीं बनती
(ग) स्वास्थ ख़राब करती है (घ) बहुत ठंड लगती है

(iii) 'सुबह सैर पर जाने से क्या --क्या लाभ होता है ?

(क) व्यक्ति बीमार रहेगा (ख) अच्छी दोस्ती होती है
(ग) व्यक्ति कमजोर रहेगा (घ) अच्छा स्वास्थ्य होता है

(iv) इस कविता का शीर्षक क्या होगा ?

(क) सुबह की हवा (ख) कोई फायदा नहीं
(ग) अच्छी सेहत वरदान (घ) बीमारी को बुलाव

(v) अच्छी सेहत दिनभर के काम काज में रहकर हम कैसे अपनी सेहत बना सकते है ?

(क) प्रातकाल सुबह उठ कर (ख) सोकर
(ग ) देर से उठकर (घ) इन तीनो में से नहीं

प्रश्न.19 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) (4)

(क) शुद्ध पर्यावरण हमे क्या देता है इसके हमे क्या फायदे होते है ?
(ख) जापानी युवक में कौन से विशेष गुण थे ?
(ग) वर्ष 2000 में कहाँ और कौन से वन लगाए गए ?

प्रश्न.20 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए (कोई दो) [6]

(क) बारिश के समय गाँव में क्या परिवर्तन होता था ?
(ख) गायन युद्ध में कौन जीता ? क्षमा दान करते हुए बैजू ने अकबर से क्या कहा ?
(ग) बुरा और अच्छा कार्य करने का प्रभाव देश पर किस प्रकार पड़ता है ?
(घ) गिललू बाहर कब जाता था और फिर क्या करता था ?

## (लेखन-कौशल)

प्रश्न.21 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :- (5)

(क) मेरा प्रिय देश

(ख) जल ही जीवन है

(ग) मेरा प्रिय खेल

प्रश्न.22 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन लिखिए :- (5)

(क) मोबाइल फ़ोन (नोकिआ)

(ख) अपने पसंददीदा ( छाते) का

प्रश्न.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों संवाद लिखिए :- (5)

(क) क्रिकेट मैच देखने जाने के लिए पुत्र और पिता के बीच संवाद लेखन -

(ख) दो सहेलियों के बीच संवाद लेखन -

प्रश्न.24 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए :- (5)




============शुभकामनाएँ===========